ग्लोबल हॉस्पिटल की निःशुल्क स्वास्थय योजनाओं द्वारा प्रगति

२,१८,८४२०७ रूपये निःशुल्क परियोजनाओं पर खर्च

बी के बिन्नी, जन संपर्क अधिकारी

ग्लोबल हॉस्पिटल का अपनी स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत - २४ अक्टूबर १९९१ से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य चेतना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ग्लोबल हॉस्पिटल एवं अनुसंधान केन्द्र, माउण्ट आबू अपने सीमित आर्थिक स्त्रोत होने के बावजूद भी निरन्तर स्थानीय तथा निकटवर्ती गाँवों के गरीब आदिवासी व आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को निःशुल्क चिकित्सा प्रदान कर रहा है। ग्लोबल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. प्रताप मिड्ढा ने वर्ष २०१० में ग्लोबल हॉस्पिटल द्वारा की गई स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की अस्पताल द्वारा वर्ष २०१० में इस क्षेत्र के साथ-साथ राजस्थान, गुजरात, भारत के अन्य राज्यों व विदेशों से लगभग ८३९८८ रोगियों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। ६३ प्रतिशत रोगियों का निःशुल्क ईलाज किया गया। ग्लोबल हॉस्पिटल अपनी सेवाओं को अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाने के लक्ष्य से एक अग्रणी अस्पताल है। पिछले वर्ष लगभग ६,४२,८१७ रूपये का खर्च निःशुल्क दवाईयों के वितरण पर किया गया। बाहय रोगी विभाग द्वारा निःशुल्क व रियायती दर पर ईलाज खर्च ३३,११,८११ रूपये रहा। वार्ड में भर्ती जरूरतमन्द व गरीब मरीज़ों के निःशुल्क व रियायती दर पर ईलाज खर्च १,३७,६५,०३५ रूपयें चिकित्सा सेवाओं में महत्वपूर्ण कदम है। नेत्र सेवाओं में ग्लोबल अस्पताल विशिष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्ष २०१० में आयोजित ८७ नेत्र शिविरों में २३२८ रोगियों का निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया गया। प्लास्टिक सर्जरी एवं नाक, कान और गला विभाग द्वारा किए गए कटे होंठ एवं तालु के ऑपरेशन्स से न केवल राजस्थान बल्कि भारत के विभिन्न राज्यों से आए ४७४ बच्चों ने नई मुस्कान प्राप्त की। अब तक ग्लोबल हॉस्पिटल में कटे होंठ एवं तालु की ५००० से भी ज्यादा सर्जरी हो चुकी है। घुटने एवं कुल्हे के जोड़ प्रत्यारोपण की अत्याधुनिक ऑपरेशन सुविधा का लाभ न केवल भारत लेकिन विदेशों के मरीज़ भी इस महंगे ऑपरेशन सुविधा का किफायती दरों में सफल परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। अभी तक घुटने एवं कुल्हे के जोड़ प्रत्यारोपण की लगभग २०० सर्जरी हो चुकी है। वर्ष २०१० में ७३ जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी की गई।

समुदायिक सेवा योजना व ग्रामीण विस्तार सेवाओं के अंतर्गत ७ चलते-फिरते दवाखाने, एम्बुलैन्सों द्वारा लगभग १०० गाँवों में ६४७९१ ग्रामीण बच्चों, महिलाओं व पुरूषों को गत वर्ष में निःशुल्क ईलाज प्रदान किया गया। ग्रामीण विस्तार सेवा के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में माउण्ट आबू, आबू रोड़, सिरोही एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सा व प्रशिक्षण हेतु २८,०१६१७ रूपये खर्च किए गए। पोषाहार प्रोजेक्ट के अलावा महिलाओं के लिए सिलाई व कढ़ाई प्रशिक्षण योजनाओं ने महिलाओं को स्वावलम्बी व सक्षम बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। माउण्ट आबू व आबू रोड़ के चयनित राजकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सेकेण्डरी २२ विघालयों में बच्चों के स्वास्थ्य को समर्पित 'स्वास्थय, पोषाहार व खेलकुद योजना' के अंतर्गत २५०० छात्र व छात्राओं ने लाभ प्राप्त किया। बच्चों को प्रदान की जा रही निःशुल्क स्वास्थय सेवाओं के अंतर्गत तपेदिक जाँच, एनीमिया, टीकाकरण, आँख, नाक, कान, गला व दाँतो के जाँच की सुविधा भी प्रदान की गई। इन बच्चों को निःशुल्क विटामिन व पोषाहार भी प्रदान किया जा रहा है। स्वास्थय सेवाओं के साथ-साथ ग्लोबल हॉस्पिटल विघालयों के कक्षाओं के निर्माण, प्रशिक्षण सामग्री, कम्पयुटर, पोशाक, कक्षाओं में टेबल बैन्च, पुस्तकें, शौचालय व स्वच्छ पानी की व्यवस्था में विघार्थियों के मनोबल, शिक्षा व स्वास्थय में नई दिशा प्रदान की जा रही है। देलवाड़ा, केर,

नागपुरा, तोरणा आदि राजकीय विद्यालयों में कक्षाओं व बड़े सभागारों का निर्माण स्वास्थ्य व शिक्षा का अनुपम संगम प्रस्तुत कर रहा है। इन विद्यालयों में छात्रों की संख्या व उपस्थिति में काफी वृद्धि हुई है। विद्यालयों के स्वास्थ्य व पोषण प्रोजेक्ट के अंतर्गत गत वर्ष किए गए कार्यो पर कुल १३,६२,९२७ रूपये खर्च किए गए जिसमें हर महिने कुल १ लाख २० हजार रूपये का पोषाहार वितरण किया जा रहा है। ग्लोबल हॉस्पिटल द्वारा संचालित डिपलोमा नर्सिंग व आफ्थाल्मिक टेक्नीशियन एवं बी.एस.सी. आप्टोमीट्री सुविधा ने विद्यार्थियों को नवीन रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। आंगनवाड़ी व सिलाई प्रशिक्षण, माउण्ट आबू की ८०० से अधिक महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में कार्यशील है। आउट पोस्ट क्लीनिक व नये विज़न सेन्टर की शुरूआत द्वारा ग्रामीणों को उनके द्वार पर आधुनिक सुविधांए सुलभ करवाई जा रही है। ग्लोबल हॉस्पिटल द्वारा संचालित आबू रोड़ स्थित ट्रोमा सेन्टर व आई केयर सेन्टर, नेत्र संस्थान व जी.वी. मोदी हैल्थ केयर सेन्टर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रगति की नई दिशा प्रदान कर रहा है।

राजकीय बालिका विद्यालय, माउण्ट आबू में पोशाक वितरित करते गलोबल अस्पताल के निदेशक डा. प्रताप मिड्ढा

आंगनवाडी मे बच्चों की जांच करते बाल रोग विशेषज्ञ डा. पंकज गुप्ता